दिनांक 24-04-2018 को अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ के व्यवसायी क्लब के तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी । जिसका विषय था - "उद्यमी महिला : अवसर एवं चुनौतियाँ" । महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी के मार्गदर्शन में छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु इस तरह की कार्यशालें समय-समय पर आयोजित की जाती हैं । इसी श्रृंखला में यह एक दिवसीय कार्यशाला संयोजक डॉ० मनोज शुक्ला और सहसंयोजक डॉ० शिल्पा गोयल और डॉ० डिंपल के सहयोग से आयोजित की गयी ।

इस सुअवसर पर श्री कमार हैदर (चीफ मैनेजर, एन० एस० आई० सी०, टेक्निकल सर्विस सेंटर, नीमका), श्री मनोज कुमार मीणा (असिस्टेंट मैनेजर, एन० एस० आई० सी०) और श्रीमति प्रियंका गर्ग (एफ० सी० ए०, डी० आई० एस० ए०) उपस्थित थे । महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी ने अतिथि वक्ताओं का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया । तत्पश्चात कार्यक्रम के प्रारम्भ में श्री हैदर ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए स्वलघु उद्योगों की जानकारी दी और साथ ही आत्मनिर्भर बनने के लिए कलर प्रिंटिंग, बुक बाइंडिंग, पेपर कप मेकिंग आदि लघु उद्योगों पर विस्तार से चर्चा की ।

श्री मनोज कुमार मीणा ने उपलब्ध संसाधनों का सदुपयोग बताते हुए एन० एस० आई० सी० की जानकारी दी और छात्राओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, वीमेन हेल्पलाइन योजना, वन स्टॉप सेंटर आदि की भी जानकारी दी । उन्होंने साथ ही प्रधानमंत्री रोजगार योजना पर भी प्रकाश डाला ।

प्रियंका गर्ग ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए छात्राओं को प्रेरणादायक उद्बोधन दिया, जिससे छात्राएं प्रेरित होकर स्वरोजगार की ओर कदम आगे बढ़ाएं । साथ ही, इस कार्यशाला में 26-04-2018 को नीमका में होने वाले एन० एस० आई० सी० द्वारा आयोजित रोजगार मेला की भी जानकारी दी गयी ।

कार्यक्रम का समापन डॉ० मनोज शुक्ला द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से हुआ । छात्राओं ने रोजगार सम्बन्धी अनेकानेक जिज्ञासाओं का समाधान भी किया । अतः इस एक दिवसीय कार्यशाला की सार्थकता सिद्ध हुई ।